# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

1. निम्नलिखित पदों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| पद कूट/कोड | पद का नाम एवं वेतन स्तर | पोस्ट का समूह | अधिकतम आयु (वर्षों में) | वर्तमान/ बैकलॉग | अना | अपिव (एनसीएल) | अजा | अजजा | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | कुल रिक्तियाँ # | बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1/25 | उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) स्तर-10 (₹56,100-1,77500) | क | 30 | वर्तमान | 5 | 2 | 1 | 1 | - | 9 | 1 |
| 2/25 | पुस्तकालय एवं सूचना सहायक स्तर -6 (₹35,400-1,12,400) | ख | 30 | वर्तमान | 1 | - | - | - | - | 1 | |
| 3/25 | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी स्तर -6 (₹35,400-1,12,400) | ख | 30 | वर्तमान | 1 | - | - | - | - | 1 | |
| 4/25 | लेखाकार स्तर -5 (₹29,200-92,300) | ग | 30 | वर्तमान | 12 | 7 | 4 | 2 | 4 | 42 | 2 |
| | | | | बैकलॉग | - | - | 9 | 4 | - | | |
| 5/25 | आशुलिपिक स्तर -4 (₹25,500-81,100) | ग | 28 | वर्तमान | 5 | 3 | 2 | - | 1 | 31 | 2 |
| | | | | बैकलॉग | - | 11 | 6 | 3 | - | | |

**# - नोट: प्राधिकरण की आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या को बढाया या घटाया जा सकता है।**

एससी: अनुसूचित जाति; एसटी: अनुसूचित जनजाति; ओबीसी: अन्य पिछड़ा वर्ग; एनसीएल: नॉन-क्रीमी लेयर; ईडब्ल्यूएस: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; यूआर: अनारक्षित; पीडब्ल्यूबीडी : बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति।

***** बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणियों के अंतर्गत निर्धारित पदों की संख्या निम्नानुसार है: -

| **क्र. सं.** | **पोस्ट का समूह** | **पद का नाम** | **दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत रिक्तियों की संख्या** | **बेंचमार्क दिव्यांगताओं की श्रेणी** |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **समूह-क** | उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) | 01 | 01 पद बेंचमार्क दिव्यांगता की निम्नलिखित 03 श्रेणियों में से किसी एक द्वारा भरा जाएगा:<br>**<u>पहली श्रेणी</u>**<br>i) दृष्टिहीन (बी) / अल्प दृष्टि (एलवी)<br><br>**<u>तीसरी श्रेणी</u>**<br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल) / दोनों पांव (बीएल) / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी) / कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी) / मस्कुलर डिस्ट्राफी (एमडीवी)<br><br>**<u>चौथी श्रेणी</u>**<br>(iv) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम-हल्का)<br>(v) बहु-दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक की एक से अधिक मानक दिव्यांगताएँ शामिल हों |
| **2.** | समूह-ग | लेखाकार | 02 | निम्नलिखित 04 बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी में 02 पद भरे जाएँगे, **बशर्ते प्रत्येक दिव्यांगता के लिए एक पद आरक्षित हो:**<br><br>**प्रथम श्रेणी**<br>(i) दृष्टिहीन (बी) / अल्प दृष्टि (एलवी)<br><br>**द्वितीय श्रेणी**<br>(ii) बधिर (डी) / ऊंचा सुनने वाला (एचएच) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **तृतीय श्रेणी**<br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल) / दोनों पांव (बीएल) / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी) / कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी) / मस्कुलर डिस्ट्राफी (एमडीवी)<br><br>**चतुर्थ श्रेणी**<br>(iv) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम-हल्का)<br>(v) बहु-दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक की एक से अधिक बेंचमार्क दिव्यांगताएँ शामिल हों |
| **3.** | **समूह-ग** | आशुलिपिक | 02 | निम्नलिखित 04 बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी में 02 पद भरे जाएँगे, बशर्ते प्रत्येक दिव्यांगता के लिए एक पद आरक्षित हो:<br><br>**प्रथम श्रेणी**<br>(i) दृष्टिहीन (बी) / अल्प दृष्टि (एलवी)<br><br>**द्वितीय श्रेणी**<br>(ii) ऊंचा सुनने वाला (एचएच)<br><br>**तृतीय श्रेणी**<br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल) / दोनों पांव (बीएल) / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी) / कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी)<br><br>**चतुर्थ श्रेणी**<br>(iv) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम-हल्का)/विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी)/मानसिक रोग (एमआई)<br>(v) बहु- दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक की एक से अधिक बेंचमार्क दिव्यांगताएँ शामिल हों |

रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियाँ अनंतिम हैं और वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न हो सकती हैं। परिणाम को अंतिम रूप देने के समय विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएँगे। डाक//ई-मेल आदि द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे और उन्हें तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवार भारत का नागरिक अथवा नेपाल या भूटान की प्रजा होना चाहिए। बशर्ते कि नेपाल या भूटान का नागरिक उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति हो जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो।

| **महत्वपूर्ण तिथियां** | |
|---|---|
| **समय सीमा** | |
| ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की आरंभिक तिथि | **30.10.2025 (10:00 पूर्वाहन)** |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **15.12.2025 (06:00 अपराहन)** |

नोट:

(i) **सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने वाले पदों के लिए पात्रता निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि, ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि होगी, जिसमें विस्तारित तिथि, यदि कोई हो, भी शामिल है।**

(ii) ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने से पहले, कृपया ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा करने के निर्देशों और ऑनलाइन आवेदन लिंक पर मुख्य निदेश पृष्ठ में दिए गए निर्देशों का संदर्भ लें। उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में भरा जाएगा।

(iii) आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब निर्धारित आवेदन शुल्क (जहाँ भी लागू हो) ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि को या उससे पहले ऑनलाइन मोड के माध्यम से बैंक में जमा कर दिया जाएगा।

(iv) सीबीटी और भर्ती प्रक्रिया के अन्य चरणों की तिथियां समय-समय पर एनएचएआई की आधिकारिक वेबसाइट (https://nhai.gov.in) के माध्यम से सूचित की जाएंगी।

(v) ऑनलाइन आवेदन पत्र से संबंधित प्रश्न निम्नलिखित टैब/नंबर पर किए जाने चाहिए:-

| | |
|---|---|
| हेल्पडेस्क टैब | ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में उपलब्ध है |
| हेल्पडेस्क नंबर | +91-9513252099 सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक (रविवार और राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) |

2. आरक्षण:-

i. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग /दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण समय-समय पर जारी भारत सरकार के नियमों और दिशानिर्देशों, अधिसूचनाओं और संशोधनों आदि के अनुसार लागू होगा।

ii. जो उम्मीदवार आरक्षित रिक्तियों के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं और आरक्षित श्रेणियों पर लागू अन्य रियायतें चाहते हैं, उन्हें ऐसे आरक्षण का लाभ उठाने के लिए सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रपत्र में अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

iii. अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची में आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके पास जाति/समुदाय प्रमाण पत्र (केवल केंद्रीय सूची के लिए लागू) है और वह निर्णायक तिथि पर क्रीमी लेयर में नहीं आता है। इस प्रयोजन के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को वित्तीय वर्ष 2025-2026 के दौरान जारी अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र **[01.04.2025 को या उसके बाद जारी]** प्रस्तुत करना होगा।

iv. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उम्मीदवार की जाति, वह अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची के रूप में मान्यता प्राप्त है, स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो। कोई उम्मीदवार सामुदायिक आरक्षण का लाभ तभी प्राप्त करने के लिए पात्र होगा जब वह विशेष जाति, जिससे वह संबंधित है, उस राज्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी आरक्षित समुदायों की सूची में शामिल हो।

v. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवार, जो बिना किसी छूट वाले मानकों/रियायत (शुल्क को छोड़कर) के अपनी योग्यता के आधार पर चुने जाते हैं, उन्हें रिक्तियों के आरक्षित हिस्से में समायोजित नहीं किया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों को अनारक्षित श्रेणी के लिए निर्धारित अनारक्षित रिक्तियों में समायोजित किया जाएगा। आरक्षित रिक्तियों को पात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों में से अलग से भरा जाएगा।

vi. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केंद्रीय सूची और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवार जो आयु सीमा, अनुभव या योग्यता, विस्तारित विचार क्षेत्र (कट ऑफ मार्क्स) आदि जैसे शिथिल मानकों के आधार पर अर्हता प्राप्त करते हैं, उनकी योग्यता स्थिति चाहे जो भी हो, उन्हें आरक्षित रिक्तियों में गिना जाएगा, अनारक्षित रिक्तियों में नहीं।

vii. आरक्षण का लाभ चाहने वाले उम्मीदवार के पास आवेदन की अंतिम तिथि पर राज्य में ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में वैध जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए। यदि जाति या आय प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में नहीं है तो उम्मीदवारी, नियुक्ति के लिए आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं होगी।

viii. एक उम्मीदवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण का लाभ पाने के लिए केवल तभी पात्र होगा जब उम्मीदवार केंद्र सरकार द्वारा जारी मानदंडों को पूरा करता हो और वित्तीय वर्ष

(एफवाई) 2024-2025 के लिए आय के आधार पर अपेक्षित आय और संपत्ति प्रमाण पत्र **[01.04.2025 को या उसके बाद जारी]** रखता हो।

**ix.** **<u>बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण:-</u>**

क) निम्नलिखित पदों के लिए केवल निम्नलिखित श्रेणियों के दिव्यांगजन उम्मीदवारों को उपयुक्त माना गया है:-

| क्र. सं. | पद का नाम | शारीरिक अपेक्षाएं | बेंचमार्क दिव्यांगताओं की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| **1.** | उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) | बैठना, खड़े होना, झुकना, अंगुलियों द्वारा निष्पादन, पढ़ना और लिखना, देखना, सुनना, वार्तालाप/संप्रेषण | (i) दृष्टिहीन (बी) / अल्प दृष्टि<br><br>(ii) बधिर (डी) / ऊंचा सुनने वाला (एचएच)<br><br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल) / दोनों पांव (बीएल) / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी) / कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी) / मस्कुलर डिस्ट्राफी (एमडीवाई)<br><br>(iv) ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम-हल्का)<br><br>(v) बहु- दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक एक से अधिक मानक दिव्यांगताएँ शामिल हों |
| 2. | पुस्तकालय एवं सूचना सहायक | बैठना, खड़े होना, घुटने के बल बैठना तथा क्राउचिंग, पढ़ना और लिखना, देखना, सुनना, वार्तालाप/संप्रेषण, अंगुलियों द्वारा निष्पादन | (i) अल्प दृष्टि (एलवी)<br><br>(ii बधिर (डी) / ऊंचा सुनने वाला (एचएच)<br><br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल) / दोनों पांव (बीएल) / दोनों पांव और हाथ (बीएलए)/ दोनों पांव एक हाथ (बीएलओए)/ प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी)/ कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी)<br><br>(iv) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम-हल्का)/ विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) (एमआई- मानसिक रोग) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | (v) बहु-दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक की एक से अधिक मानक दिव्यांगताएँ शामिल हों |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | बैठना, खड़े होना, चलना, झुकना, पढ़ना और लिखना, देखना, सुनना, वार्तालाप/संप्रेषण, अंगुलियों द्वारा निष्पादन | (i) दृष्टिहीन (बी) अल्पदृष्टि (एलवी)<br><br>(ii) बधिर (डी)/ ऊंचा सुनने वाला (एचएच)<br><br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल)/ एक हाथ एक पांव (ओएएल)/ प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी)/ कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी)/ मस्कुलर डिस्ट्राफी (एमडीवाई)<br><br>(iv) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम- हल्का, एमओडी- मध्यम)/ विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) (एमआई- मानसिक रोग)<br><br>(v) बहु-दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक की एक से अधिक मानक दिव्यांगताताएँ शामिल हों |
| 4. | लेखाकार | बैठना, खड़े होना, झुकना, उंगलियों से संचालन, पढ़ना और लिखना, देखना, सुनना, संचार | (i) दृष्टिहीन (बी) अल्पदृष्टि (एलवी)<br><br>(ii) बधिर (डी) / ऊंचा सुनने वाला (एचएच)<br><br>(iii) एक हाथ (ओए) / दोनों हाथ (बीए) / एक पांव (ओएल)/ दोनों पांव (बीएल) / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी)/ कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी)/ मस्कुलर डिस्ट्राफी (एमडीवाई)<br><br>(iv) ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम- हल्का)<br><br>(v) बहु-दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक एक से अधिक मानक दिव्यांगताएँ शामिल हों |
| 5. | आशुलिपिक | बैठना, खड़े होना, चलना, झुकना, पढ़ना | (i) दृष्टिहीन (बी) अल्पदृष्टि (एलवी) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | और लिखना, देखना, सुनना, संवाद करना | (ii) ऊंचा सुनने वाला (एचएच)<br><br>(iii) एक हाथ (ओए) /एक पांव (ओएल)/दोनों पांव (बीएल)/एक हाथ एक पांव (ओएएल)/दोनों पांव एक हाथ (बीएलओए)/ प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सीपी)/ कुष्ठ उपचारित (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / तेजाबी हमले से पीड़ित (एएवी)<br><br>(iv) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) (एम-हल्का)/विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी)/मानसिक रोग (एमआई)<br><br>(v) बहु-दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iv) तक की एक से अधिक बेंचमार्क दिव्यांगताएँ शामिल हों |

ख) निर्दिष्ट दिव्यांगताओं की परिभाषा दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में प्रदान की गई है। आरक्षण के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की डिग्री और दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी: केवल ऐसे व्यक्ति पदों में शर्तों / आरक्षण में छूट के लिए पात्र होंगे **जो प्रासंगिक बेंचमार्क दिव्यांगता के 40% से कम नहीं** हैं। बेंचमार्क दिव्यांगता वाले वे व्यक्ति (पीडबल्यूबीडी) जिन्होंने छूट और / या आरक्षण का लाभ उठाया है और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किए हैं, उन्हें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017 के अध्याय 7 के तहत नियम 18 (1) के फॉर्म V, VI और VII के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। संशोधित प्रारूपों के लिए निर्धारित प्रोफार्मा देखें। दिव्यांगजन अधिनियम, 1995 (जिसे अब निरस्त कर दिया गया है) के अंतर्गत जारी किए गए मौजूदा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उसमें निर्दिष्ट अवधि तक वैध बने रहेंगे।

ग) बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडबल्यूबीडी) संबंधित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, भले ही पद उनके लिए आरक्षित न हो, लेकिन उन्हें उपयुक्त के रूप में पहचाना गया हो। हालांकि, ऐसे आवेदकों को योग्यता के सामान्य मानक के आधार पर ऐसे पद पर चयन के लिए विचार किया जाएगा। कम से कम 40% प्रासंगिक दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्ति ही नियमों के तहत स्वीकार्य आरक्षण और अन्य छूट के लाभ के लिए पात्र होंगे। इस प्रकार, शारीरिक रूप से दिव्यांग (पीएच) व्यक्ति नियमों के तहत स्वीकार्य आरक्षण और अन्य रियायतों और छूटों का लाभ तभी उठा सकते हैं, जब शारीरिक दिव्यांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक हो

और पद पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त हों।

घ) **आरक्षण/छूट का लाभ चाहने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए विशेष नोट**: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति
के लिए उपलब्ध आरक्षण/छूट का लाभ चाहने वाले सभी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नियमों/सूचना में निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/छूट के हकदार हैं। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक, नियमों/सूचना में निर्धारित अपने दावे के समर्थन में उनके पास निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक प्रमाण पत्र होने चाहिए।

**3. सेवा बॉण्ड**:

(क) प्राधिकरण में पदभार ग्रहण करते समय, समूह 'क' पद के सभी चयनित उम्मीदवारों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) में **एनएचएआई में शामिल होने की तिथि से न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि** के लिए सेवा देने हेतु **5.00 लाख रुपये** की राशि का सेवा बॉण्ड भरना होगा। बॉण्ड अवधि समाप्त होने से पहले प्राधिकरण की सेवा से इस्तीफा देने या एनएचएआई में शामिल होने के तीन वर्षों के भीतर कदाचार के कारण सेवा समाप्त होने की स्थिति में, ऐसे उम्मीदवारों को एनएचएआई को **5.00 लाख रुपये** की राशि का भुगतान करना होगा।

(ख) प्राधिकरण में पदभार ग्रहण करते समय, समूह 'ख' और समूह 'ग' पदों के सभी चयनित उम्मीदवारों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) में **एनएचएआई में शामिल होने की तिथि से न्यूनतम 03 वर्ष की अवधि** के लिए सेवा देने हेतु **3.00 लाख रुपये** की राशि का सेवा बांड भरना होगा। बांड अवधि समाप्त होने से पहले प्राधिकरण की सेवा से त्यागपत्र देने या एनएचएआई में शामिल होने के तीन वर्षों के भीतर कदाचार के कारण सेवा समाप्ति की स्थिति में, ऐसे उम्मीदवारों को एनएचएआई को **3.0 लाख रुपये** की राशि का भुगतान करना होगा।

(ग) यह स्पष्ट किया जाता है कि एनएचएआई उन चयनित उम्मीदवारों के मामले में सेवा हस्तांतरण बांड स्वीकार नहीं करता है जो किसी अन्य सरकारी संगठन में कार्यरत हैं। इसलिए, इस संबंध में किसी भी अनुरोध/प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. विज्ञापित पदों के लिए आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा:-

| **पद का नाम** | समूह | अनिवार्य योग्यताएं और आयु सीमा |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक<br>(वित्त एवं लेखा) | क | **अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ: -**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से नियमित |

| पद का नाम | समूह | अनिवार्य योग्यताएं और आयु सीमा |
|---|---|---|
| | | पाठ्यक्रम के माध्यम से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त) {एमबीए (वित्त)}।<br>आयु: 30 वर्ष |
| पुस्तकालय एवं सूचना सहायक | ख | **अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ: -**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक।<br>आयु: 30 वर्ष |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | ख | **अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ: -**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि तथा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या स्नातक स्तर पर परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि तथा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या स्नातक स्तर पर परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में हिंदी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या स्नातक स्तर पर परीक्षा के माध्यम के रूप में।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम के साथ स्नातकोत्तर उपाधि और हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या स्नातक स्तर पर परीक्षा के माध्यम के रूप में।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि, स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या दोनों में से एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में।<br>और<br>(ii) हिंदी से अंग्रेजी और विलोमतः अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम या केंद्र सरकार के उपक्रमों समेत केंद्र सरकार या राज्य सरकारों के कार्यालयों में हिंदी से अंग्रेजी और |

| पद का नाम | समूह | अनिवार्य योग्यताएं और आयु सीमा |
|---|---|---|
| | | विलोमतः अनुवाद कार्य में दो वर्ष का अनुभव।<br><br>वांछनीय शैक्षणिक योग्यता -:<br>किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य स्तर पर हिंदी से भिन्न संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित किसी एक भाषा का ज्ञान।<br><br>**आयु: 30 वर्ष** |
| **लेखाकार** | ग | आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ: -<br><br>i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री;<br>और<br>ii. चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) में इंटरमीडिएट;<br>या<br>लागत एवं प्रबंधन लेखाकार (सीएमए) में इंटरमीडिएट।<br>**आयु: 30 वर्ष** |
| **आशुलिपिक** | ग | आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ: -<br><br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री<br>और<br>(ii) 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 05 मिनट का श्रुतलेख (अंग्रेजी या हिंदी) और प्रतिलेखन समय (केवल कंप्यूटर पर) अंग्रेजी के लिए 50 मिनट और हिंदी के लिए 65 मिनट होगा।<br>**आयु: 28 वर्ष** |

**नोट-1:** ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय उम्मीदवार के पास आवश्यक योग्यता होनी चाहिए। **अंतिम वर्ष में उपस्थित होने वाले या जिनका अंतिम परीक्षा परिणाम प्रतीक्षित है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**

**नोट-2:** शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र/डिग्री में जारी करने की तिथि अंकित होनी चाहिए। यदि इन प्रमाणपत्रों की जारी करने की तिथि अधिसूचना की अंतिम तिथि के बाद है, तो अंतिम अर्हक परीक्षा के परिणाम की घोषणा की तिथि सहित समेकित अंकतालिका या प्रत्येक सेमेस्टर के परिणाम की घोषणा की तिथि सहित सभी सेमेस्टर की अलग-अलग अंकतालिकाएँ जमा करनी होंगी। यदि इनमें से किसी भी प्रमाणपत्र में तिथि उपलब्ध न हो, तो संस्थान/विश्वविद्यालय से इस आशय का एक प्रमाणपत्र (परिणाम की घोषणा की तिथि दर्शाते हुए) ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा।

**नोट-3:** उम्मीदवार के पास भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम द्वारा निगमित विश्वविद्यालय/संस्थान या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय घोषित या यूजीसी/एआईसीटीई आदि जैसे संबंधित सांविधिक निकायों द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान से योग्यता होनी चाहिए।

**नोट-4:** दूरस्थ शिक्षा/अंशकालिक/पत्राचार शिक्षा के माध्यम से प्राप्त ऐसी डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय विश्वविद्यालय/संस्थान को दिया गया यह अनुमोदन भी प्रस्तुत करना होगा कि उपरोक्त डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र संबंधित सांविधिक निकायों द्वारा केंद्र सरकार में रोजगार के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

**नोट-5:** नोट-4 की शर्त उप-प्रबंधक (एफ एंड ए) के पद पर लागू नहीं होती है जहां निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम के माध्यम से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त) {एमबीए (वित्त)} है।

5.1 आयु:-

(i) उम्मीदवार/उम्मीदवारों की आवेदन प्राप्ति की अंतिम/निर्धारित तिथि तक न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु में छूट का दावा करने के लिए ऊपरी आयु सीमा में अनुमेय छूट इस प्रकार है: -

| **क्र. सं.** | **व्यक्तियों की श्रेणी** | **समूह 'ग' पदों के लिए आयु में छूट की सीमा** | **समूह 'क' और 'ख' पदों के लिए आयु में छूट की सीमा** |
|---|---|---|---|
| (a) | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष | |
| (b) | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 वर्ष | |
| 4 | बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति<br>(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति<br>(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग<br>(iii) अनारक्षित/सामान्य | (i) 15 वर्ष<br>(ii) 13 वर्ष<br>**(iii)**10 वर्ष | |
| 5 | विभागीय उम्मीदवार जिन्होंने एनएचएआई में कम से कम **तीन साल की निरंतर नियमित सेवा** प्रदान की हो | **अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 40 वर्ष की आयु तक।**<br><br>**अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 43 वर्ष की आयु तक।**<br><br>**अनुसूचित** | **5 वर्ष** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45 वर्ष की आयु तक।** | |

5.2 अधिकतम आयु की गणना ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी, जिसमें विस्तारित तिथि, यदि कोई हो, भी शामिल है।

5.3 उम्मीदवार ध्यान दें कि कक्षा 10वीं/मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या केंद्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा की अंक सूची में दर्ज जन्मतिथि ही मान्य होगी।

5.4 दिव्यांगजन श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में छूट लागू होगी, चाहे पद आरक्षित हो या नहीं, बशर्ते कि पद संबंधित दिव्यांगजन श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाया गया हो।

6. प्रसंस्करण शुल्क: -

अभ्यर्थी को प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से निम्नानुसार करना होगा: -

| | |
|---|---|
| **अनारक्षित / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग** | प्रत्येक पद के लिए प्रसंस्करण शुल्क 500/- रुपये। |
| **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /दिव्यांगजन के लिए** | शून्य |

(क) इसके अतिरिक्त, लागू शुल्क (यदि कोई हो) भी उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन उम्मीदवारों को प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है, चाहे पद उनके लिए आरक्षित हो या नहीं। हालाँकि, उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन श्रेणी का उल्लेख करना होगा और अपेक्षित प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। यदि गैर-छूट प्राप्त उम्मीदवारों द्वारा प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है, तो आवेदन अपूर्ण माना जाएगा और अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(ग) एनएचएआई केवल ऑनलाइन माध्यम से शुल्क स्वीकार करेगा। मनीऑर्डर, डिमांड ड्राफ्ट, आईपीओ आदि जैसे किसी अन्य माध्यम से जमा किया गया शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(घ) एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस/समायोजित नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे परीक्षा शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता सत्यापित कर लें।

(ङ) एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए निर्धारित शुल्क के साथ एक अलग आवेदन पत्र जमा करना होगा। हालाँकि, उम्मीदवार ऐसा अपने जोखिम पर करेंगे क्योंकि किन्हीं दो पदों के लिए परीक्षा (सीबीटी) का कार्यक्रम एक ही हो सकता है।

(च) जिन अभ्यर्थियों को शुल्क भुगतान से छूट नहीं मिली है, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका शुल्क एनएचएआई के पास जमा हो गया है। ऐसे आवेदन जो किसी भी कारण से शुल्क प्राप्त न होने के कारण अधूरे रह जाते हैं, उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और विज्ञापन में निर्दिष्ट अवधि के बाद ऐसे आवेदनों और शुल्क भुगतान पर विचार करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**7. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के निदेश एवं प्रक्रियाएँ:-**

**क. सामान्य निदेश:-**

(i) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन भरना शुरू करने से पहले, उम्मीदवार को अपना वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर, हाल ही में खींची गई पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर की स्कैन की हुई प्रति, स्कैन किए हुए हस्ताक्षर, पात्रता मानदंड (कक्षा 10वीं/मैट्रिकुलेशन के बाद से) के अनुसार अपनी शैक्षिक योग्यता से संबंधित विवरण/दस्तावेज और लागू श्रेणी (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन) से संबंधित प्रासंगिक दस्तावेज तैयार रखने चाहिए।

(ii) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक ही तस्वीर का उपयोग किया जाए।

(iii) ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा एक बार भर दी गई श्रेणी [सामान्य (अनारक्षित)/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन] में परिवर्तन नहीं किया जाएगा और किसी अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।

**ख. आवेदन कैसे करें:-**

(i) अभ्यर्थी को यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए विवरण भरना होगा।

(ii) अभ्यर्थी को पंजीकृत ईमेल पते और/या पंजीकृत मोबाइल नंबर पर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। विदेशी अभ्यर्थियों को पंजीकृत ईमेल पते पर यूजर आईडी और पासवर्ड दोनों प्राप्त होंगे।

(iii) अभ्यर्थी भाराराप्रा के लिए आवेदन पत्र पूरा करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ लॉगिन कर सकते हैं।

(iv) अभ्यर्थी को सही नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और ईमेल पता प्रदान करना होगा क्योंकि पंजीकरण पूरा होने के बाद इन विवरणों को बदला नहीं जा सकता है।

(v) इस पद के लिए आवेदन में 2 चरण की प्रक्रिया शामिल है।

चरण - 1-पंजीकरण और प्रोफ़ाइल निर्माण।

चरण - 2-पंजीकृत ईमेल आईडी पर लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त होने के बाद, आवेदन पत्र पूरा करना और ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना।

(vi) दस्तावेज़ अपलोड करना:- पात्रता दस्तावेज़ों, फ़ोटो और हस्ताक्षर की स्कैन की गई तस्वीरें अपलोड करें। फ़ोटो और हस्ताक्षर केवल जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में और पात्रता दस्तावेज़ जेपीजी/जेपीईजी/पीडीएफ प्रारूप में होने चाहिए। फ़ोटो का आकार 100केबी से 200केबी के बीच या ऑनलाइन पोर्टल में बताए अनुसार होना चाहिए। हस्ताक्षर का आकार 80 केबी से 150 केबी के बीच या ऑनलाइन पोर्टल में बताए अनुसार होना चाहिए। इसके अलावा, दस्तावेज़ों का आकार 100 केबी से 1एमबी के बीच या ऑनलाइन पोर्टल में बताए अनुसार होना चाहिए।

(vii) प्रोसेसिंग शुल्क भुगतान:- अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से प्रोसेसिंग शुल्क और अन्य शुल्क (जीएसटी और प्रोसेसिंग शुल्क) का भुगतान करना होगा। एक बार भुगतान की गई राशि किसी भी स्थिति/परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए अभ्यर्थी को पेमेंट गेटवे पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। आवेदन शुल्क के सफल भुगतान के बाद, अभ्यर्थी भुगतान विवरण सहित पूर्ण आवेदन पत्र का प्रिंटआउट/डाउनलोड कर सकेंगे। तकनीकी/नेटवर्क त्रुटियों के कारण असफल/एकाधिक/डुप्लिकेट भुगतानों के लिए भाराराप्रा उत्तरदायी नहीं होगा।

(viii) प्रस्तुत आवेदन पत्र का प्रिंट:-

आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, अभ्यर्थी को "प्रिंट फॉर्म" बटन पर क्लिक करके अपने आवेदन पत्र का प्रिंटआउट पीडीएफ फॉर्म में सेव/प्रिंट कर लेना चाहिए। कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट अपने पास रखें। किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी पद के लिए एक से अधिक आवेदन नहीं करना चाहिए। किसी एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन होने की स्थिति में केवल अंतिम आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित तकनीकी प्रश्नों/स्पष्टीकरणों के लिए कृपया आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पडेस्क नंबर पर संपर्क करें।

.8प्रतिपूरक समय और स्क्राइब की सहायता का प्रावधान: -

8.1 दृष्टिहीनता, गतिमान दिव्यांगता (दोनों भुजाएं प्रभावित - बीए) और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात की श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के मामले में यदि अभ्यर्थी चाहें तो उन्हें स्क्राइब की सुविधा दी जाएगी।

8.2 बेंचमार्क दिव्यांगता वाले शेष श्रेणी के व्यक्तियों के मामले में अनुलग्नक VIII में संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार, सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर स्क्राइब के प्रावधान की अनुमति दी जा सकती है कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक अक्षमता है और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक है।

8.3सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी दिनांक 10.08.2022के कार्यालय ज्ञापन संख्या -2019/6-29डीडी-III के अनुसार, %40से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को भी स्क्राइब की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सुविधा अनुलग्नक IX में दिए गए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्रदान की जाएगी।

8.4 दिव्यांगजन / दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को स्क्राइब की सुविधा केवल तभी प्रदान की जाएगी जब उन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र में इसका विकल्प चुना हो।

8.5 अभ्यर्थी को अपने स्वयं के स्क्राइब का चयन करने या भाराराप्रा/भर्ती एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराई गई स्क्राइब सुविधा का लाभ उठाने का विवेकाधिकार होगा। इस संबंध में अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उचित विकल्प देना होगा।

8.6 यदि अभ्यर्थी अपने स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनता है, तो स्क्राइब की योग्यता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की योग्यता से एक कदम कम होनी चाहिए। स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनने वाले बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय अनुलग्नक -X में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा। उपर्युक्त पैरा 8.3 के अनुसार स्क्राइब के लिए पात्र दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थियों और स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनने के लिए भी अनुलग्नक -X में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार परीक्षा के समय अपने स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, स्क्राइब को परीक्षा के समय मूल रूप में एक वैध आईडी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी के साथ-साथ स्क्राइब के हस्ताक्षर वाले स्क्राइब के आईडी प्रमाण की एक फोटोकॉपी अनुलग्नक -X में दिए गए प्रोफार्मा के साथ जमा की जाएगी।

8.7 यदि कोई अभ्यर्थी स्वयं स्क्राइब का विकल्प चुनता है, तो उस स्थिति में, वह स्क्राइब इस परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी इस परीक्षा में किसी अन्य दिव्यांगजन / दिव्यांग अभ्यर्थी की स्क्राइब के रूप में सहायता करता पाया जाता है, तो दोनों अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

8.8 जिन व्यक्तियों को स्क्राइब के उपयोग की अनुमति दी गई है, उन्हें परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट का प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा, जैसा कि ऊपर पैरा 8.1, 8.2 और 8.3 में वर्णित है।

8.9 उपर्युक्त पैरा 8.1, 8.2 और 8.3 में उल्लिखित अभ्यर्थी जो स्क्राइब के उपयोग के लिए पात्र हैं, लेकिन स्क्राइब की सुविधा का लाभ नहीं उठा रहे हैं, उन्हें भी परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा।

8.10 पात्र अभ्यर्थियों के लिए स्क्राइब के अलावा किसी अन्य परिचारक को परीक्षा हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8.11 एक आँख वाले और आंशिक रूप से दृष्टिहीन अभ्यर्थी जो सामान्य प्रश्नपत्र को आवर्धक लेंस से या उसके बिना पढ़ सकते हैं और आवर्धक लेंस की सहायता से उत्तर लिखना/दिखाना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा कक्ष में आवर्धक लेंस का उपयोग करने की अनुमति होगी और उन्हें स्क्राइब की सुविधा नहीं दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में अपना आवर्धक लेंस स्वयं लाना होगा।

8.12 जिन बेचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति / दिव्यांग अभ्यर्थियों ने स्क्राइब और/या प्रतिपूरक समय की सुविधा का लाभ उठाया है, उन्हें भाराराप्रा द्वारा मांगे जाने पर स्क्राइब/प्रतिपूरक समय की पात्रता के लिए प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। ऐसे सहायक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उनकी परीक्षा के लिए उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

8.13 अभ्यर्थी सीबीटी के दौरान स्क्राइब की ओर से किए गए किसी भी दुर्व्यवहार के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

9. <u>परीक्षा की योजना:-</u>

( i ) **उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)** : परीक्षा दो स्तरों में अर्थात् सीबीटी और उसके बाद साक्षात्कार होगी। सीबीटी में प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थियों को श्रेणीवार रिक्तियों के लिए **1:5 के अनुपात में साक्षात्कार/व्यक्तिगत बातचीत के लिए बुलाया** जाएगा। इस आशय की सूचना यथासमय वेबसाइट "nhai.gov.in" पर अपलोड कर दी जाएगी। परीक्षा की योजना इस प्रकार है:

| **परीक्षा** | **परीक्षा के घटक** | **प्रश्नों की संख्या** | **कुल अंक** | **परीक्षा की अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| **स्तर-I भाग-I** | क - तर्कशक्ति परीक्षण/सामान्य मानसिक क्षमता/बुद्धिमत्ता परीक्षा | 10 | 10 | 02 घंटा |
| | ख - गणितीय योग्यताएं | 10 | 10 | |
| | ग - सामान्य ज्ञान | 10 | 10 | |
| | ङ - सामान्य मौखिक क्षमता - अंग्रेजी भाषा | 10 | 10 | |
| **स्तर-I भाग-II** | **डोमेन विशिष्ट प्रश्न**<br>वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र, लेखांकन, वित्तीय/लागत लेखांकन, बजट, वार्षिक लेखा, कराधान, लेखा परीक्षा, निवेश और वित्तीय प्रबंधन, स्टोर एवं इन्वेंटरी प्रबंधन, वित्तीय बाजार, बैंकिंग। | **80** | **80** | |
| **कुल** | | **120** | **120** | |
| **स्तर- II** | **साक्षात्कार**<br>साक्षात्कार भाराराप्रा द्वारा मौजूदा विनियमों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। | - | **15** | - |
| **कुल अंक (सीबीटी + साक्षात्कार)** | | | **135** | |

(ii) **पुस्तकालय एवं सूचना सहायक :** परीक्षा एक स्तरीय (सीबीटी) होगी। परीक्षा की योजना इस प्रकार है:

| परीक्षा | परीक्षा के घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-I | क - तर्कशक्ति परीक्षण/सामान्य मानसिक क्षमता/बुद्धिमत्ता परीक्षा | 15 | 15 | 02 घंटा |
| | ख - गणितीय योग्यताएं | 15 | 15 | |
| | ग - सामान्य ज्ञान | 15 | 15 | |
| | ङ - सामान्य मौखिक क्षमता - अंग्रेजी भाषा | 15 | 15 | |
| भाग-II | **डोमेन विशिष्ट प्रश्न**<br>पुस्तकालय, सूचना और समाज, आधुनिक पुस्तकालय, पुस्तकालय विधान, पुस्तकालय विकास और नीति, संसाधन साझाकरण और नेटवर्क, पुस्तकालय व्यवसाय, पुस्तकालय प्रबंधन, लाइब्रेरी हाउस कीपिंग संचालन, कम्प्यूटरीकरण/स्वचालन, सॉफ्टवेयर, सूचना सेवा, प्रलेखन केंद्र और सूचना प्रणाली, सूचना स्रोत, सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा प्रसंस्करण, संचार के मूल सिद्धांत, संदर्भ सेवा, सूचना प्रसंस्करण (वर्गीकरण), संकेतन प्रणाली, वर्गीकरण योजनाओं में ज्ञान का मानचित्रण, कोलन वर्गीकरण, दस्तावेज़ वर्गीकरण, विषय सूचीकरण, संग्रह विकास। | **60** | **60** | |
| **कुल** | | **120** | **120** | |

(iii) **कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी :** परीक्षा एक स्तरीय (सीबीटी) होगी। परीक्षा की योजना इस प्रकार है:

| परीक्षा | परीक्षा के घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-I | क - सामान्य ज्ञान | 20 | 20 | 02 घंटा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ख - तर्कशक्ति परीक्षण/सामान्य मानसिक क्षमता/बुद्धिमत्ता परीक्षा और गणितीय योग्यताएं | 20 | 20 | |
| **भाग-II** | **डोमेन विशिष्ट प्रश्न**<br>हिंदी और अंग्रेजी साहित्य का इतिहास और उसका विकास, लोकप्रिय हिंदी और अंग्रेजी उपन्यास, नाटक, कहानी, निबंध, आलोचना और कविता, हिंदी और अंग्रेजी व्याकरण और उसके प्रयोग, आधुनिक हिंदी और अंग्रेजी साहित्य और उसका विश्लेषण, अनुवाद की कला और कौशल, तुलनात्मक साहित्य | **80** | **80** | |
| | **कुल** | **120** | **120** | |

(iv) **लेखाकार** : परीक्षा एक स्तरीय (सीबीटी) होगी । परीक्षा की योजना इस प्रकार है:

| **परीक्षा** | **परीक्षा के घटक** | **प्रश्नों की संख्या** | **कुल अंक** | **परीक्षा की अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| **भाग-I** | क - तर्कशक्ति परीक्षण/सामान्य मानसिक क्षमता/बुद्धिमत्ता परीक्षा | 10 | 10 | 02 घंटा |
| | ख - गणितीय योग्यताएं | 10 | 10 | |
| | ग - सामान्य ज्ञान | 10 | 10 | |
| | ङ - सामान्य मौखिक क्षमता - अंग्रेजी भाषा | 10 | 10 | |
| **भाग-II** | **डोमेन विशिष्ट प्रश्न**<br>वित्तीय लेखांकन, लेखांकन मानक, अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष - कर प्रबंधन, एमआईएस, लागत निर्धारण तकनीक, लेखा परीक्षा, लागत एवं प्रबंधन लेखांकन, वित्तीय प्रबंधन, प्रबंधन विज्ञान, संचालन एवं परियोजना प्रबंधन नियंत्रण, व्यवसाय में कंप्यूटर अनुप्रयोग, सुरक्षा विश्लेषण एवं निवेश प्रबंधन, प्रबंधन नियंत्रण प्रणाली आदि। | **80** | **80** | |
| | **कुल** | **120** | **120** | |

(v) **स्टेनोग्राफर** : दो स्तरीय परीक्षा अर्थात (सीबीटी) और उसके बाद स्टेनोग्राफी में कौशल परीक्षा होगी। परीक्षा की योजना नीचे दी गई है:

| स्तर | परीक्षा के घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| स्तर-I | क-तर्कशक्ति परीक्षण/सामान्य मानसिक क्षमता/बुद्धिमत्ता परीक्षा | 30 | 30 | 02 घंटा |
| | ख - सामान्य ज्ञान | 30 | 30 | |
| | ग - सामान्य मौखिक क्षमता - अंग्रेजी भाषा | 60 | 60 | |
| **कुल** | | **120** | **120** | |
| स्तर-II | **आशुलिपि में कौशल परीक्षा**<br><br>**आशुलिपि (अंग्रेजी या हिंदी) में 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 05 मिनट का श्रुतलेख और प्रतिलेखन समय (केवल कंप्यूटर पर) अंग्रेजी के लिए 50 मिनट और हिंदी के लिए 65 मिनट होगा।** | **समय अवधि** | **उपर्युक्त पैरा 8.1, 8.2 और 8.3 के अनुसार स्क्राइब के लिए पात्र उम्मीदवारों के लिए समय अवधि (मिनटों में)** | |
| | अंग्रेज़ी | 50 मिनट | 70 मिनट | |
| | हिंदी | 65 मिनट | 90 मिनट | |

10. **उम्मीदवार के चयन और अंतिम चयन के लिए मानदंड: -**

**i) समूह 'क', 'ख' और 'ग' पदों के लिए**

| **नाम** | **न्यूनतम योग्यता अंक** |
|---|---|
| सभी समूह 'क', 'ख' और 'ग' पदों के लिए सीबीटी परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक | अनारक्षित - 40%<br>ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस- 35%<br>एससी/एसटी/ पीडब्ल्यूबीडी - 30% |
| **स्टेनोग्राफर** के पद के लिए कौशल परीक्षा में अनुमत त्रुटियों का अधिकतम प्रतिशत (अर्थात, न्यूनतम योग्यता मानक)। | अनारक्षित - 7%<br>ओबीसी<br>(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ |

| | |
|---|---|
| **कौशल परीक्षा अनिवार्य है, लेकिन यह केवल अर्हक प्रकृति की है ।** | पीडब्ल्यूबीडी - 10% |

**नोट 1:** जैसा भी मामला हो, भाराराप्रा अभ्यर्थियों की उपलब्धता के अनुसार दूसरे चरण/अंतिम चरण/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्टिंग मानदंड/कट-ऑफ अंक बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**नोट 2 :** अंतिम चरण अर्थात ग्रुप-सी पद के लिए कौशल परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर कट ऑफ अंक का मानदंड विज्ञापित पद के 1:10 के अनुपात में बढ़/घट सकता है।

11. **परीक्षा के लिए शहर:** सीबीटी निम्नलिखित शहरों में आयोजित किया जाएगा:-

(i) अहमदाबाद- गांधीनगर
(ii) बेंगलुरु
(iii) भोपाल
(iv) भुवनेश्वर
(v) चंडीगढ़
(vi) चेन्नई
(vii) देहरादून
(viii) दिल्ली और एनसीआर
(ix) गंगटोक
(x) गोवा
xi) गुवाहाटी
xii) हैदराबाद
xiii) जयपुर
xiv) जम्मू
xv) कोलकाता
xvi) लखनऊ
xvii) मुंबई
xviii) पटना
xix) पुडुचेरी
xx) रायपुर
xxi) रांची
xxii) शिमला
xxiii) श्रीनगर
xxiv) तिरुवनंतपुरम

xxv) विजयवाड़ा

(नोट: भाराराप्रा किसी भी अभ्यर्थी द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में चुने गए उपर्युक्त शहरों में से किसी को भी बाद में तार्किक कारणों से बदलने या हटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है और उसे उसके द्वारा चुने गए शहरों में से कोई अन्य शहर या ऊपर बताए गए शहरों में से कोई अन्य शहर आवंटित कर सकता है)।

(i ) परीक्षा के शहरों/केंद्रों का निर्धारण अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत वरीयताओं/विकल्पों और चुने गए स्टेशन/शहर के लिए पर्याप्त अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर किया जा सकता है। यद्यपि अभ्यर्थी द्वारा चुने गए शहरों में से किसी एक में केंद्र आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, फिर भी भाराराप्रा भारत में कहीं भी अभ्यर्थी की पसंद के शहर के अलावा किसी अन्य शहर में केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अभ्यर्थियों की संख्या और अन्य बाध्यताओं के आधार पर भाराराप्रा को सभी शहरों या किसी एक शहर या किसी अन्य शहर में परीक्षा आयोजित करने का अधिकार है। यदि किसी अधिसूचित शहर में परीक्षा केंद्र चलाने के लिए अभ्यर्थियों की संख्या बहुत कम है या कोई अन्य विशिष्ट कारण है, तो प्राधिकरण अपने विवेक से उस शहर में परीक्षा आयोजित नहीं कर सकता है और जिन अभ्यर्थियों ने उस शहर को पहली पसंद के रूप में चुना है ,उन्हें दूसरी या तीसरी पसंद के रूप में चुने गए किसी अन्य शहर या किसी अन्य शहर में परीक्षा केंद्र आवंटित किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त भाराराप्रा प्रशासनिक कारणों, यदि कोई हो, के कारण अभ्यर्थियों द्वारा चुने गए शहर/केंद्र को संशोधित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भाराराप्रा का निर्णय अंतिम होगा। किसी भी परिस्थिति में एक बार आवंटित शहर/केंद्र को नहीं बदला जाएगा।

(i) कौशल परीक्षा के लिए परीक्षा शहर/शहरों की सूचना चयनित अभ्यर्थियों को अलग से दी जाएगी।

(iii) किसी भी परिस्थिति में तिथि, परीक्षा केंद्र और शिफ्ट में परिवर्तन के अनुरोध की अनुमति नहीं दी जाएगी।

.12अंकन योजना: - सीबीटी में प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक ( (01अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25अंक काटे जाएँगे। अनुत्तरित प्रश्नों पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर होगा।

परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है। किसी भी कारण से इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

.13अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निदेश:-

क. सक्रिय ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर: अभ्यर्थियों के पास अपनी सक्रिय व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए। इसे पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए। पंजीकरण संख्या, पासवर्ड, सीबीटी के लिए ई-प्रवेश पत्र, दस्तावेज़ सत्यापन के

लिए कॉल लेटर या कोई अन्य महत्वपूर्ण सूचना केवल अभ्यर्थी की उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी पर या/और एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी (अभ्यर्थी स्पैम/जंक बॉक्स संदेशों में भी ई-मेल की जाँच करें) अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल और एसएमएस के वापस आने के लिए भाराराप्रा जिम्मेदार नहीं होगा।

ख. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से भाराराप्रा की वेबसाइट देखते रहें। सूचना/संचार आदि प्राप्त करने और डाउनलोड करने की ज़िम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ई-मेल आईडी के कारण भेजे गए ई-मेल के खो जाने के लिए भाराराप्रा ज़िम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ग. इसलिए, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे भाराराप्रा से किसी भी प्रकार के संचार के लिए नियमित रूप से अपना ई-मेल देखें। भाराराप्रा किसी भी स्तर पर मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पते में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। कृपया ध्यान दें कि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण के लिए ई-प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

घ. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा शुरू होने से कम से कम डेढ़ घंटा पहले आवंटित परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करें। चूँकि परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा, इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर समय से पहुँचें ताकि परीक्षा देने में लगने वाले समय की हानि से बचा जा सके। यदि अभ्यर्थी निर्धारित समय के बाद परीक्षा केंद्र पर पहुँचता है, तो उसे परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

ङ. **प्रतिबंधित वस्तुएं**: कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, पेन ड्राइव, हेडफोन, इयरप्लग, लैपटॉप, आई-पैड, डिजिटल डायरी, डिजिटल घड़ी, कलाई घड़ियां, किताब/नोट्स, वॉलेट/पर्स, आभूषण सहित धातु की चूड़ियां, बेल्ट, कंगन या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक/संचार उपकरण आदि परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाना सख्त वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास सीबीटी के दौरान इनमें से कोई भी प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए, अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र में कोई भी प्रतिबंधित वस्तु न लाएं। यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त प्रतिबंधित वस्तु के साथ आता है, तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह उसे परीक्षा केंद्र परिसर के बाहर न रख दे। परीक्षा हॉल के बाहर अभ्यर्थियों के निजी सामान को सुरक्षित रखने की कोई सुविधा नहीं है और भाराराप्रा किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

च. परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश के लिए, मांगे जाने पर, प्रवेश पत्र दिखाना होगा। परीक्षा केंद्र पर तैनात कर्मचारी अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के लिए अधिकृत है और पहचान संबंधी प्रमाण-पत्रों की पुष्टि और सत्यापन हेतु कदम उठा सकता है। अभ्यर्थियों को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना होगा। जिस अभ्यर्थी के पास वैध प्रवेश पत्र नहीं होगा,

उसे किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में बैठने का अधिकार नहीं होगा।

छ. प्रत्येक अभ्यर्थी को रोल नंबर दर्शाने वाली एक सीट आवंटित की जाएगी। अभ्यर्थियों को केवल अपनी आवंटित सीट ढूंढकर उसी पर बैठना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपनी इच्छा से आवंटित सीट के बजाय कमरा/हॉल या सीट बदलता है, तो ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी स्तर पर किसी भी दलील पर विचार नहीं किया जाएगा।

ज. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा में स्क्रीन पर दिखाई देने वाला प्रश्नपत्र उसके प्रवेश पत्र में दर्शाए गए पद के अनुसार ही हो। यदि अभ्यर्थी को आवेदित पद से भिन्न पद के लिए प्रश्नपत्र प्राप्त होता है, तो उसे भरने से पहले संबंधित निरीक्षक को तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।

झ. परीक्षा के दौरान कोई भी अभ्यर्थी किसी भी सहायता, प्राथमिक उपचार आपातस्थिति या अन्य जानकारी के लिए कक्ष में केन्द्र अधीक्षक/निरीक्षक से संपर्क कर सकता है।

ञ. जो अभ्यर्थी किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाते हैं, उनके लिए किसी भी परिस्थिति में पुनः परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

ट .नोट: अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र में दर्शाई गई तिथि और शिफ्ट में केंद्र पर अपने खर्चे पर उपस्थित होना होगा। किसी भी परिस्थिति में प्रवेश पत्र में दिए गए केंद्र और शिफ्ट में परिवर्तन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, सीबीटी/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/मूल दस्तावेज़ सत्यापन/ज्वाइनिंग (पद चयन) में उपस्थित होने के लिए भाराराप्रा द्वारा अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

.14 अभ्यर्थियों को परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र पर निम्नलिखित दस्तावेज अवश्य लाने होंगे। जो अभ्यर्थी इन्हें नहीं लाएंगे उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

क. भाराराप्रा वेबसाइट से डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति।

ख. परीक्षा के दौरान केंद्र पर उपस्थिति पत्रक में निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाने के लिए एक पासपोर्ट आकार का फोटो (ऑनलाइन आवेदन पत्र पर अपलोड किया गया फोटो) ले जाना चाहिए, यदि आवश्यक हो।

ग. कोई भी अधिकृत फोटो पहचान पत्र (मूल, वैध और समाप्त न हुआ हो) - ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी/पासपोर्ट/ आधार कार्ड (फोटो सहित)।

घ. यदि दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत छूट का दावा किया जा रहा है, तो अधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगजन प्रमाणपत्र।

ङ. यदि पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के तहत छूट का दावा किया जाता है, तो निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार परीक्षा में लिखने के लिए शारीरिक सीमा के संबंध में पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र।

च. यदि दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत छूट का दावा किया जाता है, तो संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का उपयोग करने के लिए वचन पत्र।

.15 रफ कार्य:- सभी गणना/लेखन कार्य केवल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कक्ष/हॉल में उपलब्ध

कराई जाने वाली रफ शीट पर ही किए जाने हैं तथा परीक्षा समाप्त होने पर अभ्यर्थियों को रफ शीट कमरे/हॉल में ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक को सौंपनी होगी।

.16 अनुचित साधन:-

अनुचित साधन व्यवहार एक ऐसी गतिविधि है जो किसी अभ्यर्थी को अन्य अभ्यर्थियों पर अनुचित लाभ प्राप्त करने की अनुमति देती है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

(i ) सीबीटी/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय, यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करने या परीक्षा हॉल/साक्षात्कार हॉल में, जहां भी लागू हो, किसी अन्य का रूप धारण करने या दुर्व्यवहार करने, या परीक्षा प्रक्रिया पर बाहरी प्रभाव डालने, या चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अन्य अनुचित साधन का सहारा लेने, या किसी अन्य माध्यम से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने का दोषी पाया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी पर आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा और लागू कानून, विनियमन और नियमों आदि के अनुसार भाराराप्रा की किसी भी परीक्षा या चयन से स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए परीक्षा/साक्षात्कार से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

(ii) यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि किसी अभ्यर्थी ने आवेदन पत्र या किसी दस्तावेज में अपनी योग्यता, श्रेणी/जाति और अनुभव के संबंध में कोई गलत जानकारी/विवरण प्रस्तुत किया है और/या भाराराप्रा में नियुक्ति प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र में कोई महत्वपूर्ण जानकारी गलत तरीके से प्रस्तुत की है/छिपाई है तो उसकी सेवा, सेवा के किसी भी स्तर पर अर्थात परिवीक्षा अवधि के दौरान या भाराराप्रा में सेवा की पुष्टि के बाद तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।

(iii) किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा।

(iv) किसी भी वस्तु या सामान को अपने पास रखना जिसे निषिद्ध किया गया है या जिसका अनुचित व्यवहार के लिए उपयोग किया जा सकता है, जिसमें कोई भी लेखन सामग्री आइटम (किसी भी प्रकार का कागज/स्टेशनरी/पाठ्य सामग्री/मुद्रित/लिखित सामग्री), संचार उपकरण, सहायक उपकरण, खाद्य पदार्थ, आभूषण या कोई अन्य सामग्री या जानकारी शामिल है जो संबंधित पेपर में परीक्षा के लिए प्रासंगिक या अप्रासंगिक है;

(v) परीक्षा में लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति का उपयोग करना (प्रतिरूपण करना) या नकल करना;

(vi) परीक्षा नियमों या भाराराप्रा द्वारा समय-समय पर परीक्षा के संबंध में जारी किए गए किसी निदेश का उल्लंघन करना;

(vii) अन्य अभ्यर्थियों को कदाचार में संलग्न होने में सहायता करना, किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता देना या प्राप्त करना या ऐसा करने का प्रयास करना;

(viii) परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के समय परीक्षा स्टाफ के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क

करना या संवाद करना या ऐसा करने का प्रयास करना;

(ix) परीक्षा के संचालन से जुड़े किसी भी अधिकारी को धमकाना/डराना या किसी भी अभ्यर्थी को धमकाना;

(x) परीक्षा के संबंध में किसी अनुचित साधन का प्रयोग करना या प्रयोग करने का प्रयास करना;

(xi) ऑनलाइन दस्तावेजों जैसे एडमिट कार्ड, स्व-घोषणा आदि में हेरफेर और निर्माण ;

(xii) परीक्षा केन्द्र/हॉल में बलपूर्वक प्रवेश/निकास;

(Xiii) परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के बाद किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (मोबाइल फोन/ईयरफोन/माइक्रोफोन/पेजर, कैलकुलेटर, डॉक्यूपेन , स्लाइड रूल, लॉग टेबल, कैमरा, टेप रिकॉर्डर, कैलकुलेटर की सुविधा वाली इलेक्ट्रॉनिक घड़ियां, कोई भी धातु की वस्तु या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/डिवाइस आदि) का उपयोग करना या उपयोग करने का प्रयास करना;

(xiv) आवेदन पत्र/प्रवेश पत्र/ प्रोफार्मा पर गलत/बदली हुई/रिक्त फोटो/हस्ताक्षर लगाना/अपलोड करना ;

(xv) परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन में बाधा उत्पन्न करना।

(xvi) भाराराप्रा द्वारा अनुचित साधन के रूप में घोषित कोई अन्य कदाचार।

(xvii) भविष्य में किसी भी समय यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने अपने आवेदन पत्र/प्रवेश पत्र में किसी अन्य व्यक्ति का फोटो, हस्ताक्षर और प्रमाण पत्र का उपयोग/अपलोड किया है या उसने अपने प्रवेश पत्र के साथ छेड़छाड़ की है, तो अभ्यर्थी के इन कृत्यों को उसकी ओर से अनुचित साधन (यूएफएम) व्यवहार माना जाएगा और उसके विरुद्ध लागू प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(xviii) परीक्षा केन्द्र/स्थल पर परीक्षा के सुचारू संचालन में व्यवधान उत्पन्न करना।

.17अनुचित साधनों/प्रथाओं का प्रयोग करने पर दण्ड:-

(i ) परीक्षा के दौरान, परीक्षा से पहले या बाद में यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त या इसी तरह के किसी भी व्यवहार में लिप्त पाया जाता है, तो उसे अनुचित साधनों का उपयोग करने वाला माना जाएगा और अनुचित साधनों (यूएफएम) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा, उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा और परीक्षा से वंचित किया जाएगा। अभ्यर्थी आपराधिक अभियोजन कार्रवाई और/या प्रासंगिक प्रावधानों के तहत उचित समझी जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई के लिए भी उत्तरदायी होगा, जिसमें (समय-समय पर संशोधित) सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम/अधिनियम, 2024 के प्रावधान शामिल हैं। अनुचित साधनों/व्यवहारों में लिप्त अभ्यर्थियों का परिणाम रद्द कर दिया जाएगा और घोषित नहीं किया जाएगा।

(ii) ऐसे अभ्यर्थी पर कानूनी/आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा, साथ ही निम्नलिखित कार्रवाई भी की जाएगी:-

- भर्ती प्रक्रिया के लिए अयोग्य,

और /या

- भाराराप्रा द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा/भर्ती से स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए रोक दिया जाएगा।

और /या

- भाराराप्रा की सेवा में नियुक्ति के बाद यदि कदाचार का कृत्य संज्ञान में आता है तो सेवा से सेवा -मुक्ति/निष्कासन/बर्खास्तगी।

18 **प्रश्न/परीक्षा पत्र के लिए माध्यम का चयन:-**

परीक्षा का माध्यम द्विभाषी अर्थात हिंदी और अंग्रेजी दोनों में होगा।

19 ऑनलाइन उत्तर पुस्तिका एवं उत्तर कुंजी का प्रदर्शन:-

